**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं.1155**
**(वाणिज्य विभाग)**

**दिनांक 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिये जाने के लिए**

# अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के व्यापार और प्रदर्शनी केंद्र को प्रोत्साहन देना

**1155. श्री गुरजीत सिंह औजला:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अमृतसर को एक प्रमुख एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए वहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के व्यापार और प्रदर्शनी केन्द्र की स्थापना की जा रही है;

(ख) क्या अमृतसर के समृद्ध पर्यटन और तीर्थ स्थल, मजबूत लॉजिस्टिक्स और विविध आतिथ्य विकल्प बड़े पैमाने पर आयोजनों और व्यापार मेलों को आकर्षित करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं;

(ग) क्या 4000 सीटों तक की क्षमता वाले विश्व स्तरीय सम्मेलन केन्द्र के साथ-साथ प्रदर्शनी और व्यापार सुविधाओं से पर्यटन, स्थानीय व्यवसायों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को महत्वपूर्ण रूप से प्रोत्साहन मिलेगा;

(घ) क्या सरकार आवागमन की अच्छी सुविधा वाली रंजीत एवेन्यू के निकट ऐसी सुविधा के लिए प्रस्तावित स्थान के विकास के लिए निधियां अथवा सहायता आवंटित करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ग) एमआईसीई उद्योग आर्थिक और व्यावसायिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है, जिससे बहुत से लाभ मिलते हैं। इनमें नेटवर्किंग के माध्यम से व्यावसायिक वृद्धि, मेजबान देश में निवेश के माध्यम से आर्थिक वृद्धि तथा राजस्व सृजन के नए अवसर शामिल हैं। एमआईसीई उद्योग में स्थानीय आबादी के लिए रोजगार सृजन, जानकारी साझाकरण, पर्यटन संवर्धन, अवसंरचना विकास, उन्नत सॉफ्ट पावर, स्थानीय व्यवसायों को सहयोग तथा वैश्विक सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी अपार संभावनाएं हैं, जो अंततः सभी क्षेत्रों में वृद्धि और विकास को गति प्रदान करता है।

(घ) और (ङ) एमआईसीई केन्द्र भारत के विभिन्न शहरों में विकसित किए गए हैं। भारत मंडपम,यशोभूमि, तमिलनाडु व्यापार संवर्धन संगठन, कर्नाटक व्यापार संवर्धन संगठन आदि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए हैं।

*****